



# स्टैनफोर्ड में आपका स्वागत है

हम यहाँ आपको निपुण और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए हैं।

हमारा लक्ष्य आपकी सभी देखभाल में आपको और आपके परिवार को शामिल करना है। आपके अस्पताल में भर्ती होने से आपके यहाँ से प्रस्थान करने तक हम इसे पारस्परिक सम्मान के साथ उपचार, आराम और गरिमा का स्थान बनाने के लिए काम करते हैं।

Stanford
MEDICINE
Health Care



## आपकी देखभाल करने वाली टीम

**मेडिकल टीम** में आपकी देखभाल करने वाले चिकित्सक, उन्नत सेवा प्रदाता, रेसिडेंट, इंटर्न और मेडिकल छात्र शामिल हैं। यह टीम आपके सिरहाने आएगी और दिन के लिए आपकी देखभाल की योजना के बारे में बात करेगी। कृपया प्रश्न पूछें।

**प्राथमिक नर्स** आपकी देखभाल की योजना को पूरा करती है और इसे बाकी देखभाल टीम के साथ समन्वयित करती है।

**नर्सिंग सहायक** आपके दैनिक जीवन की गतिविधियों, जैसे नहाना, खाना और चलने आदि में मदद करते हैं।

**फ्लोट नर्स** नर्सिंग स्टाफ के ब्रेक टाइम को कवर करती है और प्राथमिक नर्स की मदद करती है।

**चार्ज नर्स** मरीज के भर्ती होने और अस्पताल छोड़ने को समन्वित करती है और नर्सिंग टीम की मदद करती है।

**केस मैनेजर और सोशल वर्क टीम** आपके अस्पताल से छुट्टी की योजना बनाने में मदद करती है।

**पुनर्वास टीम** में पेशेवर चिकित्सा (ओटी) और भौतिक चिकित्सा (पीटी) शामिल हैं। अन्य पुनर्वसन टीम के सदस्य वाणी चिकित्सा (एसएलपी) और श्वसन चिकित्सा (आरटी) करते हैं या पंजीकृत आहार विशेषज्ञ (आरडी) हैं।

आपके यहाँ रहने के दौरान **फार्मासिस्ट** आपकी दवा की जरूरतों को पूरा करने में आपकी सहायता करेगा।

**प्रयोगशाला तकनीशियन** शरीर से नमूने एकत्र करता है। प्रयोगशाला परीक्षण के लिए नमूने इकट्ठा करने के लिए तकनीशियन सुबह-सुबह आपके कमरे में आ सकते हैं। ऐसा यह सुनिश्चित करता है कि परिणाम उस समय उपलब्ध होंगे जब आपकी देखभाल टीम आपको देखेगी।

## आपका आराम और सुरक्षा

### आपको गिरने से बचाने के लिए दिशानिर्देश



आपके अस्पताल में रहने के दौरान हम आपको गिरने से बचाना चाहते हैं। अस्पताल में रहने के दौरान कई चीजें आपके गिरने के जोखिम को बढ़ा सकती हैं।

अपरिचित परिवेश, दवाएँ, कमजोरी, थकान महसूस करना और चिकित्सा उपकरणों से जुड़े रहने से आपके गिरने की संभावना बढ़ जाती है।

- जब आप अस्पताल में भर्ती हों तो गिरने के जोखिम पर लघु वीडियो देखें।
- अपने से उठने का प्रयास नहीं करें! हम आपकी मदद करना चाहते हैं। उठने से पहले कृपया मदद के लिए फोन करें। फोन करने के लिए अपने बिस्तर के पास रखे हाथ में लिए जा सकने वाले रिमोट के लाल बटन का उपयोग करें।
- कृपया फोन करें, गिरना नहीं है!

### शुरुआत में चलना-फिरना

विशेषकर शल्य-चिकित्सा के बाद, जल्दी और अक्सर चलना आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नर्सिंग स्टाफ आपको बिस्तर से उठकर कुर्सी पर बैठने में मदद करेगा।

सुरक्षित होने पर आप किसी स्टाफ सदस्य के साथ यूनिट में टहल सकते हैं। यदि आप अपने से करवट नहीं बदल सकते हैं, तो आपकी देखभाल टीम आपकी त्वचा की सुरक्षा के लिए अक्सर आपकी स्थिति बदल देगी।



### मदद प्राप्त करना

किसी भी समय यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो अपने बिस्तर के पास रखे हाथ में लिए जा सकने वाले रिमोट के लाल बटन का उपयोग करें। यह फ्रंट डेस्क पर जाता है जहाँ एक स्टाफ सदस्य आपकी कॉल का जवाब देगा और किसी को मदद के लिए भेजेगा।

हम बिस्तर या कुर्सी के अलार्म का भी उपयोग आपको यह याद दिलाने के लिए कर सकते हैं कि आप अपने से उठने की कोशिश करने से पहले मदद के लिए प्रतीक्षा करें।

आपकी नर्सें भी अक्सर आपसे मिलेंगी। वे आपके दर्द के स्तर की जाँच करेंगी, आपको बाथरूम का उपयोग करने में मदद करेंगी, और सुनिश्चित करेंगी कि आप आराम से हैं।

वे यह सुनिश्चित करेंगी कि आपका कॉल बटन और निजी सामान आपके पहुँच के भीतर है।


### आपके दर्द को नियंत्रित करना

आइए, आपके दर्द को कम करने के लिए मिलकर काम करें।

जब आपको दर्द हो रहा होता है, तो हम आपसे इसे 0 से 10 के पैमाने पर दर्जा देने के लिए कहेंगे। इससे हमें मदद करने का सबसे अच्छा तरीका तय करने में मदद मिलेगी।

0 के स्कोर का अर्थ कोई दर्द नहीं है, और 10 का अर्थ अब तक का सबसे अधिक दर्द है।

आपके दर्द का इलाज करने के तरीकों में दवाएँ, गर्म या ठंडा पैक, स्थिति बदलना और चलना शामिल है।




### दवा



आपको सुरक्षित रूप से दवा देने के लिए, स्टैनफोर्ड हेल्थ केयर ने "मेडिकेशन पास टाइम-आउट" शुरू किया है। जब नर्सें दवा छोड़ती हैं तो यह रुकावट को सीमित करता है। इसका समय सुबह 8 से 10 बजे और रात 8 से 10 बजे हैं।

इस समय के दौरान, आपकी नर्स दवा देने पर ध्यान देगी। हर बार जब हम आपको दवा देते हैं, तो हम आपके कलाई के पट्टे की जाँच करेंगे और आपका नाम और जन्मदिन पूछेंगे।

आपकी नर्स आपके द्वारा ली जा रही दवाओं के उद्देश्य के बारे में भी बताएगी। वह इनसे होने वाले साइड इफेक्ट का भी वर्णन करेगी।

एक साइड इफेक्ट किसी दवा के वांछित प्रभाव के अलावा किसी भी तरह की प्रतिक्रिया है। आपकी सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप जो भी दवा ले रहे हैं उसके साइड इफेक्ट को समझें।

यदि आप घर से कोई दवा लाए हैं तो अपनी नर्स को बताएँ। हम आपके परिवार के साथ सभी दवाइयां घर भेज देंगे, या आपके यहाँ रहने के दौरान इसे अपनी फार्मेसी में स्टोर कर देंगे।

### पारी का परिवर्तन

हर दिन सुबह 6:45 से 7:15 बजे तक और फिर शाम 6:45 से शाम 7:15 बजे तक आपकी नर्सों की पारी में परिवर्तन होता है। इस समय के दौरान, आप अपनी नई प्रमुख नर्स से मिलेंगे और दिन की योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

टीम राउंड के दौरान, आप आने वाली देखभाल टीम के बाकी सदस्यों से मिलेंगे।

### स्वस्थ बने रहना

यह महत्वपूर्ण है कि जो कोई भी आपके कमरे में आता है वह अपने हाथ धोए और मास्क पहने। आपको अपने हाथ भी बार-बार धोने चाहिए और जब कोई कमरे में हो तो मास्क पहन लेना चाहिए।

### सुरक्षा और सम्मान

अस्पताल रोगमुक्त होने का स्थान है। हम मरीजों, कर्मचारियों या आगंतुकों के प्रति किसी भी तरह की आक्रामकता की अनुमति नहीं देते हैं।

## आपके ठहरने के दौरान

### फोन का उपयोग

आपके पास एक सीधी लाइन वाला अपना फोन होगा। बाहर बात करने के लिए, 9 डायल करें और फिर हमेशा की तरह नंबर डायल करें।

### इंटरनेट का उपयोग



स्टैनफोर्ड अस्पताल इंटरनेट का मुफ्त उपयोग करने की सुविधा प्रदान करता है। आपको पासवर्ड की आवश्यकता नहीं है। आपके अस्पताल में रहने के दौरान आईपैड आपके कमरे में होगा या अनुरोध पर उपलब्ध कराया जाएगा।

नेटवर्क का नाम: SHC_Public

### अपनी प्रगति को MyHealth ऐप पर देखें

अपनी देखभाल टीम के सदस्यों, दवाओं और साइड इफेक्ट, जाँच के परिणाम, सक्रियता के लक्ष्य और बहुत कुछ देखें।

## भोजन सेवा



पहले से तैयार भोजन और नाश्ता आपके अनुरोध पर सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक उपलब्ध है। सेवा के लिए अपने कमरे के फोन पर 34888 डायल करें। ताजा फल, शहद, जड़ी-बूटी आदि के लिए आप बेडसाइड रिमोट का उपयोग कर अपने टीवी के मेनू "आर्डर मील्स" से आदेश दे सकते हैं। आर्डर पहुँचाने के लिए 45 मिनट तक का समय दें।

## आगन्तुक

हमारा विश्वास है कि आपके उपचार में परिवार और अन्य प्रियजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आपके यहाँ रहने के दौरान हम आपकी सुरक्षा, आराम और गोपनीयता को भी महत्वपूर्ण मानते हैं।

हम अपने मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने आगंतुक नीतियों की अक्सर समीक्षा करते हैं। आप अपनी नर्स से नवीनतम नीति के बारे में पूछ सकते हैं।

## व्याख्या और अनुवाद सेवा

स्टैनफोर्ड हेल्थ केयर बोलने वाली भाषाओं और अमेरिकी सांकेतिक भाषा द्वारा अपने मरीजों के साथ संवाद करने लिए निःशुल्क दुभाषिया की सेवा उपलब्ध कराता है। अपनी भाषा में संवाद करने के लिए यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया दुभाषिया के लिए कहें। दुभाषिया व्यक्तिगत रूप से, फोन पर या वीडियो के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

## आध्यात्मिक देखभाल

आध्यात्मिक देखभाल सेवा आपको या आपके परिवार को आध्यात्मिक सहायता देने के लिए दिन के किसी भी समय यहाँ उपलब्ध है। आपकी नर्स पादरी के पास जा सकती है और वे आपसे मिलने के लिए आपके कमरे में आएँगे।

## अतिथि सेवा

अतिथि सेवा मरीजों और अतिथियों को व्यक्तिगत सहायता, सहारा और संसाधन उपलब्ध कराता है। आप उनसे 650-498-3333 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अस्पताल से जाना

हमारा उद्देश्य आपको अस्पताल से आपके घर या नर्सिंग होम में सहजता से पहुँचाने का है। हमारा लक्ष्य आपको यह समझाना है कि अस्पताल छोड़ने के बाद आपको अपने स्वास्थ्य की देखभाल कैसे करनी है।

आपके अस्पताल में आने के दिन से ही आपकी देखभाल टीम इसके लिए तैयारी करना शुरू कर देगी। कृपया उन्हें किसी भी प्राथमिकता, चिंता या परेशानी के बारे में बताएँ, जब आप अपने को घर पर स्वास्थ होने के लिए तैयार करते हैं।

आप और आपकी देखभाल टीम घर पर आपकी आवश्यकताओं और आपकी वरीयताओं के बारे में बात करेगे। वे सुनिश्चित करेंगे कि व्यवस्था पूरी हो जाए।

आपके यहाँ से जाने से पहले आपकी नर्स आपकी दवाओं की जाँच करेगी। इसमें प्रत्येक दवा का उद्देश्य और दुष्प्रभाव शामिल होंगे। नर्स आपको घर पर किसी भी अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता के बारे में भी समझाएगी।

आपके अस्पताल छोड़ने से पहले यह जानकारी एक कागज पर मुद्रित कर आपको दी जाएगी जिसे आफ्टर विजिट सम्मरी कहते हैं।

आपकी दवाओं के बारे में मिलने वाले किसी भी निर्देश को सुनने या उस पर सवाल पूछने के लिए आपके परिवार के किसी सदस्य या अन्य देखभाल करने वाले का स्वागत है। इस वजह से यह आपके देखभालकर्ता को जल्दी नामित करने से मदद मिलती है।

जब आपके डॉक्टर आपके अस्पताल छोड़ने के बारे में टिप्पणी लिखते हैं, तो आपकी नर्स आपके अस्पताल छोड़ने के लिए एक विशिष्ट समय का समन्वय करेगी। यह समय आपकी आवश्यकताओं और आपकी देखभाल टीम के अन्य सदस्यों से अनुमति पर आधारित है।

## प्रश्न और प्रतिक्रिया

यदि आपकी कोई चिंता या प्रतिक्रिया है, तो कृपया अपनी प्रधान नर्स से बात करें। आपके अस्पताल छोड़ने के बाद, हम एक संतुष्टि सर्वेक्षण पूरा करने के लिए आपसे संपर्क कर सकते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप प्रतिक्रिया प्रदान करेंगे। हम हमेशा उत्कृष्टता के लिए प्रयास कर रहे हैं।